## कार्यालयः स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर उ0प्र0–284403

**Office Of The Principal Autonomous State Medical College,Lalitpur Uttar Pradesh- 284403**

Email:agmclalitpur@gmail.com www.asmclalitpur.org

---

पत्रांक– ए0एस0एम0सी0 / चि0शि0 / संविदा–नियुक्ति / 2024–25 / 2247 दिनांकः– 15-02-2025

### चिकित्सा शिक्षकों के संविदा चयन हेतु वाक–इन–इंटव्यू

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर के विभिन्न विभागों में संविदा के आधार पर एन0एम0सी0 / एम0सी0आई0 मानकों के पूर्ति हेतु इस चिकित्सा महाविद्यालय में आचार्य, सह–आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन पत्र एतद द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। इन पदों पर चयन समिति के द्वारा **दिनांक–15.02.2025 से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से चयन किया जायेगा।** साक्षात्कार हेतु कार्यालय प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय ललितपुर में प्रातः 10:00 बजे अपने समस्त शैक्षिक / अनुभव प्रमाण–पत्रों / शोध पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के दो सेट, बायोडाटा, एन0ओ0सी0 (वर्तमान कार्यस्थल से), 02 पासपोर्ट फोटो, रू0–500 / – का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर के पक्ष में देय हो एवं अपने समस्त मूल प्रमाण–पत्रों सहित संलग्न प्रारूप के साथ उपस्थित हों। रिक्तियों का विवरण निम्न है–

| क्र0सं0 | विशिष्टता | आचार्य | | सह आचार्य | | सहायक आचार्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पदों की संख्या | श्रेणी | पदों की संख्या | श्रेणी | पदों की संख्या | श्रेणी |
| 1 | ऑर्थोपेडिक्स | 01 | OBC | - | - | - | - |
| 2 | ऑप्थेलमोलॉजी | 01 | EWS | 01 | SC | - | - |
| 3 | आब्सट्रेटिक्स एण्ड गायनकोलॉजी | 01 | SC | 01 | UR | 01 | OBC |
| 4 | एनाटॉमी | 01 | OBC | 01 | UR | 01 | OBC |
| 5 | एनेस्थीसियोलॉजी | 01 | UR | 01 | SC | - | - |
| | | | | 01 | UR | 02 | OBC |
| 6 | ओटी–राइनो– लैरिंगोलॉजी | 01 | SC | 01 | OBC | - | - |
| 7 | कम्युनिटी मेडिसिन | - | - | - | - | 01 | SC |
| 8 | जनरल मेडिसिन | 01 | SC | 01 | OBC | 01 | UR |
| | | | | 01 | UR | 01 | OBC |
| | | | | | | 01 | SC |
| 9 | जनरल सर्जरी | - | - | 02 | OBC | 01 | OBC |
| 10 | डर्मेटोलॉजी वेनेरोलॉजी एण्ड लेप्रोसी | - | - | 01 | SC | - | - |
| 11 | पीडियाट्रिक्स | 01 | OBC | 01 | OBC | | |
| 12 | पैथोलॉजी | - | - | - | - | 01 | OBC |
| 13 | फार्माकोलॉजी | 01 | SC | 01 | SC | 01 | OBC |
| 14 | फिजियोलॉजी | 01 | OBC | - | - | 01 | SC |
| 15 | फोरेन्सिक मेडिसिन | 01 | UR | 01 | OBC | 01 | UR |
| 16 | बायोकेमिस्ट्री | 01 | UR | 01 | OBC | - | - |
| 17 | माइक्रोबायोलॉजी | - | - | - | - | 01 | SC |
| 18 | रेडियोडाग्नोसिस | 01 | UR | 01 | OBC | - | - |
| 19 | साइकियाट्री | -- | -- | 01 | EWS | - | - |
| | कुल योग :– | **13** | | **17** | | **14** | |

**PRINCIPAL**
Autonomous State Medical College
Lalitpur

Scanned with OKEN Scanner

**संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत है–**

1– साक्षात्कार की कार्यवाही प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को समय 10:00 बजे कार्यालय स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में सम्पन्न होगी। यदि समय/स्थान परिवर्तन होता है तव उनकी संशोधित सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जायेगी। इसके पश्चात पद रिक्त होने की दशा में अग्रिम तीन माह तक सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार (अवकाश दिवस को छोड़कर) को साक्षात्कार आयोजित होते रहेंगे। जिसके लिए इच्छुक अभ्यार्थी को साक्षात्कार दिवस में अपना पूर्ण आवेदन पत्र प्रधानाचार्य स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर को प्रस्तुत करना होगा।

2– संविदा पर तैनात होने वाले अभ्यर्थी की संविदा अवधि 1 वर्ष अथवा नियमित नियुक्ति होने, जो भी पहले घटित हो, तक ही मान्य रहेगी। नियमित चिकित्सा शिक्षक उपलब्ध न होने पर आवश्यकतानुसार इनकी संतोषजनक सेवा के आधार पर कार्यकाल को पुनः बढ़ाया जा सकेगा।

3– नियत वेतन के अतिरिक्त संविदा पर कार्यरत चिकित्सा शिक्षकों को अन्य किसी प्रकार के वेतन/भत्ते एवं सेवागत लाभ अनुमन्य नहीं होगे।

4– शासनादेश संख्या–1104/2019/5044/71–1–18–जी–63/2018 दिनांक–21.11.2019 के अनुसार संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षकों को नियत वेतन देय होगा। इस सम्बन्ध में शर्तें शासन द्वारा समय–समय पर पूर्व में निर्गत भिन्न–भिन्न शासनादेश अनुसार होगी।

5– इस हेतु आवेदक को Medical Council of India Or National Medical Commission Minimum Qualification for Medical Teachers In Medical Institute Regulations. 198 द्वारा निर्धारित समय–समय पर जारी संशोधन/नोटिफिकेशन के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव पूर्ण करना आवश्यक है।

6– साक्षात्कार में सम्मलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।

7– आरक्षण सम्बन्धी 100 बिन्दुओं का रोस्टर/या शासनादेष सं0–5/2019/4/1/2002 का–2/2019 टी0सी0–1, दिनांक–13.08.2019 का अनुपालन मान्य होगा। यदि विशिष्टिता में कैटेगरी का अर्ह अभ्यर्थी प्राप्त नहीं होता है तो नियमानुकूल कार्यवाही करते हुये उक्त पद को उपलब्ध अर्ह सामान्य अभ्यर्थियों से भरा जायेगा।

8– शासनादेश संख्या–532/71–1–1–2020–जी–63/2008 दिनांक 10 जून 2020 द्वारा संविदा पर नियुक्ति चिकित्सा शिक्षकों को अधिकतम आयु नियुक्ति वर्ष के जुलाई माह को प्रथम दिवस को सहायक आचार्य 60 वर्ष, सह–आचार्य–64 वर्ष एवं आचार्य हेतु 68 वर्ष होगी।

9– संविदा पर नियुक्त चिकित्सा शिक्षक संविदा कालावधि के लिए किसी प्रकार का पेंशन सम्बन्धी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा। उसे ऐसे कालावधि के लिए कोई बोनस देय नहीं होगा।

10– संविदा पर चिकित्सा शिक्षक शासकीय सेवा में विनियमतीकरण के लिए हकदार नहीं होगें।

11– चिकित्सा शिक्षकों के पदों की रिक्तियां एवं नियुक्ति की शर्तें स्वशासी राज्य चिकित्सालय महाविद्यालय ललितपुर की वेबसाइट–**www.asmclalitpur.org** पर उपलब्ध है। रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता मान्य नहीं होगा।

**12– उ0प्र0 शासन चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1 के शासनादेश दिनांक–18 जुलाई 2024 के अनुसार संविदा पर चयनित चिकित्सा शिक्षकों को नया मानदेय प्रतिमाह क्रमशः आचार्य–रू0 2,20,000/–, सह आचार्य–रू 1,60,000/– एवं सहायक आचार्य–रू0 1,20,000/– प्रदान किया जायेगा।**

भवदीय

**डॉ0 (प्रो0) द्विजेन्द्र नाथ**
**प्रधानाचार्य**
o/c **स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय**
**ललितपुर।**

पत्रांक– ए0एस0एम0सी0/चि0शि0/संविदा–नियुक्ति/2024–25/2247 तददिनांक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन लखनऊ।

2– महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, लखनऊ।

3– समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय/स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

4– समस्त अनुभाग, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर।

5– नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**डॉ0 (प्रो0) द्विजेन्द्र नाथ**
**प्रधानाचार्य**
o/c **स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय**

Scanned with OKEN Scanner